# गहरी खाई में गिरा होलपैक, ऑपरेटर की मौत

## इंटक नेता मृतक परिवार के समर्थन में उतरे, एक माह के बीच कोल माइंस में चौथी बार हुआ हादसा





नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। नवानगर थाना क्षेत्र स्थित अमलोरी कोयला खदान में आज शुक्रवार की तड़के हुए दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सुबह करीब 4 बजे ओबी कार्य में लगा एक होलपैक वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 100 फीट गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चला रहे ऑपरेटर देवेंद्र यादव पिता कालिका यादव उम्र 44 वर्ष निवासी बक्सर-बिहार प्रांत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे खदान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।**

बताया जा रहा है कि नियमित कार्य के दौरान वाहन अचानक संतुलन खो बैठा और सीधे खाई में जा गिरा। सूचना मिलते ही खदान प्रबंधन, सुरक्षा विभाग और राहत दल मौके पर पहुंचे। घंटों की मशक्कत के बाद चालक के शव को बाहर निकाला गया। वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को निकालने के लिए भारी मशीनों की मदद ली जा रही है। इस घटना के बाद श्रमिकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। उनका आरोप है कि पिछले एक माह के भीतर अमलोरी खदान में यह चौथी बड़ी दुर्घटना है, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा मानकों को लेकर कोई ठोस और प्रभावी कदम दिखाई नहीं दे रहा। इस दौरान कंपनी प्रबंधन पर कांग्रेसियों के साथ-साथ इंटक नेता ने जमकर नारेबाजी कर प्रबंधन को घेरा। साथ ही आरोप लगाया कि ओबी कंपनी में सड़के चौड़ी नही हैं और वाहन जर्जर हालत में है। आवाज उठाने वाले लोगों को कंपनी प्रबंधन धमकाता है। इस पर इंटक नेता पुष्पराज सिंह ने कंपनी को सख्त लहजे में चेतावनी दिया है।

### कंपनी प्रबंधन को इंटक नेता ने जमकर सुनाई खरीखोटी

हादसे के बाद भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक यूथ के प्रदेश अध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह भी मृतक के परिजनों के समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में वह पूरी तरह मृतक परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से मृतक के आश्रितों को अधिक से अधिक मुआवजा, त्वरित आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। लाल पुष्पराज सिंह ने कहा कि लगातार हो रही दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं और श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इंटक नेता ने रिलायंस कोल माइंस के प्रबंधन को जमकर खरीखोटी सुनाते हुये कहा कि यहां जो हादसे हो रहे हैं, प्रबंधन के घोर लापरवाही से हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को भी आड़े हाथो लिया। वहीं नायब तहसीलदार की भी इंटक नेता के आगे बोलती बंद हो गई।

### इनका कहना :-

ओबी कंपनी में हादसे में ऑपरेटर की मौत हो गई। किस वजह से हुई है, अपराध दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

**डॉ. अनिल पटेल**
थाना प्रभारी निरीक्षक
थाना नवानगर

# सीमांकन के दौरान पटवारी पर लाठी से हमला

## शराब के नशे में धुत्त था आरोपी, दुधमनिया तहसील के बरहटी गांव की घटना



नवभारत न्यूज

**चितरंगी 19 जून। तहसील दुधमनिया अंतर्गत ग्राम बरहटी में भूमि सीमांकन के दौरान राजस्व अमले पर कथित हमले का मामला सामने आया है। सीमांकन कार्य के दौरान एक व्यक्ति द्वारा पटवारी से अभद्रता, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा मारपीट किए जाने के आरोप के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है।**

तहसीलदार दुधमनिया सारिका परस्ते ने घटना की जानकारी कलेक्टर गौरव बैनल को दी, जिसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर थाना बरगवां को आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजा गया है। तहसीलदार कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार ग्राम बरहटी स्थित आराजी क्रमांक 699/1/1/1 का सीमांकन कार्य राजस्व अमले द्वारा किया जा रहा था। इसी दौरान ग्राम बरहटी निवासी कमलेश केवट उर्फ भूल्लू पिता सुरेश केवट उम्र लगभग 30 वर्ष मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि वह नशे की हालत में था और उसने सीमांकन कार्य का विरोध करते हुए राजस्व कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने सीमांकन में प्रयुक्त जरीब छीनने का प्रयास किया तथा पटवारी को बंधक बनाने की कोशिश की।

जब पटवारी ने उसे समझाने का प्रयास किया तो उसने उनके निजी वाहन क्रमांक एमपी 53 सीए 5647 को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी से हमला कर दिया, जिससे पटवारी के चेहरे पर चोट आई और रक्तस्राव होने लगा। घटना के दौरान मौके पर कई ग्रामीण भी मौजूद थे। मामले को गंभीर मानते हुए तहसीलदार कार्यालय ने थाना प्रभारी बरगवां को पत्र लिखकर आरोपी के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई कर कार्यालय को अवगत कराने का अनुरोध किया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर में




### चार युकांइयों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सिंगरौली।** पूर्व अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कांग्रेस एवं लोकसभा नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर म.प्र.युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह के अगुवाई में विधानसभा सिंगरौली अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह चंदेल के अध्यक्षता में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रेडक्रॉस सोसाइटी विंध्यनगर एनटीपीसी चिकित्सालय में किया गया, जहां चार युवा कांग्रेसियों ने रक्तदान किया।



### ओड़नी पंचायत में घोटाले की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो

**चितरंगी।** जनपद पंचायत चितरंगी के ग्राम पंचायत ओड़नी में पीसीसी सड़क, कलवर्ट और पुलिया निर्माण कार्यों में भारी भ्रष्टाचार, गुणवत्ता में कमी और वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। युवा समाजसेवी लक्ष्मण सिंह बैस ने आज शुक्रवार को जपं चितरंगी सीईओ को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। पत्र में बताया गया कि इस संबंध में शिकायत आवेदन पहले ही दिए जा चुके हैं। शिकायत के बाद जनपद पंचायत द्वारा जांच दल गठित कर स्थल निरीक्षण किया गया और चल रहे निर्माण कार्यों को रोकने के निर्देश भी जारी किए गए थे।

### सैम, मैम एवं एसयूडब्ल्यू बच्चों के चिन्हांकन के निर्देश

**सिंगरौली।** बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के माध्यम से डोर-टू-डोर सर्वे कराया जाए तथा सैम, मैम एवं एसयूडब्ल्यू बच्चों का चिन्हांकन कर निर्धारित एप पर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रगति में पिछड़े हुए सेक्टरों में विशेष शिविर आयोजित कर विभागीय योजनाओं की प्रगति में सुधार लाया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाइजर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करें। इधर सीएम हेल्पलाइन में लंबित आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की।

### हरिदास की मौत पर परिजनों का गंभीर आरोप



**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना दिया है। मृतक हरिदास साहू की मौत को लेकर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। मृतक के चाचा जयगोविंद साहू का आरोप है कि 16 जून को हरिदास साहू की पत्नी फूलकुमारी और उसके कथित प्रेमी श्यामचरण साहू ने मिलकर उसे बिजली का करंट लगाकर मौत के घाट उतार दिया। आरोप है कि घटना को दुर्घटना दर्शाने के लिए शव को कुएं में फेंक दिया गया और डूबने से मौत होने की कहानी बनाई गई। सूचना मिलने पर सरई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।



# सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है : आरपी

## महिला सफाई मित्रों पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मार्गदर्शन एवं ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशन में फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ननि सभागार में किया गया।**

कार्यशाला का उद्देश्य सफाई कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों, स्वच्छता संबंधी आदतों एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त आरपी बैस एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविंद चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि महिला सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कार्य के दौरान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने पर जोर दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान ननि द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से महिला सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड टेस्ट सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में फीडबैक फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से लखविंद्र सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव एवं राहुल प्रजापति ने प्रशिक्षण एवं समन्वय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं उपस्थित सभी महिला सफाई मित्रों को सुरक्षा किट वितरित की गई।

# प्राकृतिक खेती अपनाकर किसान बनें आत्मनिर्भर : राधा

## चितरंगी में भाजपा किसान मोर्चा की कृषि कार्यशाला आयोजित, वैज्ञानिकों ने किसानों को बताए आधुनिक कृषि के गुर



नवभारत न्यूज

**चितरंगी 19 जून। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा विधानसभा क्षेत्र चितरंगी के सामुदायिक भवन में प्राकृतिक खेती एवं जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री राधा सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह की विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा प्रवेन्द्र धर द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री राधा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध किसान, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिए किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदर लाल शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है। वक्ताओं ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल कृषि पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। वहीं कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने भी प्राकृतिक खेती के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, सोशल मीडिया जिला संयोजक राम शुक्ला, अर्जुन शाह, अभिषेक दुबे, प्रकाश जायसवाल, राकेश द्विवेदी, फूल सिंह, डॉ. बिहारी सिंह, प्रशासनिक अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान महिला-पुरूष मौजूद रहे।

# आकाशीय बिजली ने ली बालक की जान

**सिंगरौली 19 जून (एनबीएन)।** गोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के करैला निवासी एक 15 वर्षीय बालक के ऊपर आज आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम करैला निवासी राजेश कुमार बैस उम्र 15 वर्ष आकाशीय बिजली के चपेट में उस वक्त आ गया जब शुक्रवार की दोपहर 2:30 बजे बारिश थमने के बाद घर से बाहर कुछ दूर पहुंचा और आम के पेड़ के नीचे खड़ा था, तभी आकशीय बिजली गिरी और उसके चपेट में आने से मौत हो गई।

# बर्खास्त श्रम निरीक्षक को हाईकोर्ट से राहत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। जिले में पदस्थ श्रम निरीक्षक नवनीत कुमार पांडेय को म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर से बड़ी राहत मिली है।**

बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने 13 मई 2026 के आदेश पर अगली सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति विशाल धगत की एकलपीठ ने 19 जून को पारित किया। जानकारी के अनुसार श्रम निरीक्षक को 13 मई 2026 को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। उक्त कार्रवाई के खिलाफ उन्होंने म.प्र. हाईकोर्ट की शरण लेते हुए याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चंद्र घिल्डियाल तथा अधिवक्ता कर्णिक सिंह ने पक्ष रखा। सुनवाई के उपरांत न्यायालय ने राज्य शासन एवं अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही याचिकाकर्ता को सात दिनों के भीतर प्रक्रिया शुल्क जमा करने को कहा गया है। न्यायालय ने नोटिस को चार सप्ताह में जवाब प्रस्तुत करने योग्य रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि हाईकोर्ट ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि याचिका की अगली सुनवाई तक 13 मई 2026 का बर्खास्तगी आदेश प्रभावी नहीं रहेगा।

उल्लेखनीय है कि बर्खास्तगी के बाद सोशल मीडिया पर नवनीत कुमार पांडेय को लेकर विभिन्न प्रकार की अफवाहे फैलाई जा रही थी। जहां ऐसे लोगों को आज करारा झटका भी लगा है।

> 13 मई के बर्खास्तगी आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक
>
> मध्यप्रदेश शासन सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी

# उमस भरी गर्मी ने किया हाल-बेहाल

**सिंगरौली 19 जून (एनबीएन)।** जिला मुख्यालय बैढ़न समेत आसपास गांवों में बारिश न होने से उमस भरी गर्मी ने हाल बेहाल कर दिया है। आलम यह है कि सुबह से लेकर शाम तक उमस भरी गर्मी ने सब को बेचैन कर दी है। हालांकि आसमान में बादल छाए रहे, तापमान में गिरावट आई है। लेकिन उमस भरी गर्मी ने बेचैन कर रखा है। कूलर-पंखों का असर भी नही हो रहा है। फिलहाल आसमान में काले बादलों के मड़राने से बारिश होने की उम्मीद बढ़ी है। किसान आसमान में टकटकी लगाए हुये हैं।

# सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 19 जून। एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा आज शुक्रवार को सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।**

यह कार्यक्रम निवारक स्वास्थ्य सेवाओं एवं सामुदायिक कल्याण के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक किशोर कुमार होता की उपस्थिति में हुआ तथा इसका आयोजन महाप्रबंधक डॉ. बीके भराली के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी के निदेशक डॉ. आरडी द्विवेदी, लखनऊ के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. शशांक शेखर दास तथा विंध्य अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आदित्य राजनारायण मिश्रा ने सिकल सेल एनीमिया एवं थैलेसीमिया के कारणों, लक्षणों, रोकथाम, शीघ्र निदान, उपचार, समय पर स्क्रीनिंग तथा आनुवंशिक परामर्श जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस जागरूकता कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 136 लाभार्थियों ने भाग लिया।



# एसपी ने किया साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने आज शुक्रवार को पुलिस लाइन पचौर में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया।**

प्रातः 7 बजे एसपी के आगमन पर परेड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने विभिन्न प्लाटूनों का निरीक्षण करते हुए जवानों के अनुशासन, वेशभूषा, टर्नआउट एवं परेड की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट वेशभूषा, बेहतर टर्नआउट एवं अनुशासित प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एसपी द्वारा सराहना की गई।

# आईसीडीएस के समीक्षा बैठक में कार्यों से कलेक्टर नाराज



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

बैठक में कलेक्टर ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक स्तर पर सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर पोर्टल अंतर्गत विभिन्न मापदण्डों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित श्रेणी की गर्भवती महिलाएं, धात्री महिलाएं, किशोरी बालिकाएं तथा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित पोषण आहार का समय पर शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राही किसी भी स्थिति में योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।

# सीमांकन के विरोध में महुआ के पेड़ पर चढ़ा आदिवासी

**सरई 19 जून (एनबीएन)।** सरई क्षेत्र अंतर्गत गजराबहरा गांव में भूमि सीमांकन के दौरान उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक ग्रामीण सीमांकन प्रक्रिया का विरोध करते हुए महुआ के पेड़ पर चढ़ गया। जानकारी के अनुसार मान सिंह पिता दिलीप सिंह भूमि सीमांकन की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर गांव में स्थित एक महुआ के पेड़ पर चढ़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सीमांकन कार्य के दौरान उन्होंने अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विरोध स्वरूप यह कदम उठाया।

# गौशाला और तालाब के नाम पर राशि बंदरबांट का आरोप

## शिकायतों के बाद भी जांच नहीं, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल, ग्राम पंचायत निगरी का मामला



नवभारत न्यूज

**सरई 19 जून। जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत निगरी में कराए गए विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। गौशाला निर्माण, तालाब गहरीकरण तथा अन्य कार्यों में कथित भ्रष्टाचार की शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस जांच शुरू नहीं हुई है। ग्रामीणों के आरोपों के अनुसार पंचायत क्षेत्र में गौशाला निर्माण कार्य में वित्तीय गड़बड़ियां की गई हैं। उनका कहना है कि गौशाला परिसर में कई आवश्यक सुविधाएं धरातल पर दिखाई नहीं देतीं, जबकि उनके नाम पर राशि खर्च किए जाने का दावा किया गया है। विशेष रूप से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। इसी तरह सरैहा चौराहा स्थित शिवपाल तालाब के गहरीकरण और सफाई कार्य को लेकर भी ग्रामीणों ने गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। उनका आरोप है कि कार्य में मशीनों का उपयोग किया गया, लेकिन अभिलेखों में मजदूरों से काम कराए जाने का उल्लेख कर भुगतान दर्शाया गया।